प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर है। उन्होंने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर राज्य की जल परियोजनाओं पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री पाटिल के निवास पर हुई इस भेंट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। इस दौरान यमुना जल समझौते समेत अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में राज्य में इस परियोजना पर तेजी से काम किया जायेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। विशेष सुरक्षा समूह–एसपीजी प्रोटोकॉल के अन्तर्गत अनिवार्य सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं बरकरार रखी हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर आर्थिक मजबूती में योगदान के लिए प्रधानमंत्री की सात अपीलों के अनुरूप है। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पेट्रोल डीजल की बचत पर जोर दिया है। उन्होंने अनावश्यक वाहनों का उपयोग बंद करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या भी कम करने का निर्णय किया है। मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी वाहनों के इस्तेमाल में किफायत बरतने के निर्देश दिए गए है।

00000

सीबीआई टीम ने जयपुर में राजस्थान पुलिस के एसओजी की ओर से नीट पेपर लीक मामले में हिरासत में लिए गए 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की। एसओजी ने सीकर और आसपास के इलाकों में भी सैकड़ों लोगों से पूछताछ की है। एसओजी के अनुसार कई लोगों ने कथित तौर पर पैसे लेकर गैस पेपर बेचे जिनमें से कई प्रश्न नीट परीक्षा में पूछे गये थे। वहीं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी आज नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है।

00000

प्राध्यापक स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा 2022 में डमी अभ्यर्थी बिठाने के मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग ने एफआईआर दर्ज करवायी है। इसके बाद एसओजी ने आरपीएससी के ही एक लिपिक मानसिंह मीणा को गिरफ्तार किया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इसे करौली जिले की नादोती तहसील से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने जयपुर के दो केन्द्रों पर हुई परीक्षा डमी अभ्यर्थी से दिलवायी थी।

00000

मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। बाडमेर, जैसलमेर और जोधपुर जिलों के लिए ये चेतावनी बताते हुए विभाग ने लोगों से दोपहर के समय घरों से नहीं निकलने की सलाह दी है। इस बीच बाडमेर कल लगातार तीसरे दिन भी देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां दिन का तापमान 48 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। फलोदी, जैसलमेर, चित्तौडगढ, बीकानेर और कोटा तथा झुंझुनूं में भी झुलसाने वाली गर्मी का असर है। राजधानी जयपुर में कल अधिकतम तापमान 43 दशमलव 2 डिग्री मापा गया। दिनभर धूप की तपिश और लू के कारण सड़कें और बाजार सूने नजर आये।

00000

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसके तहत प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाये जा रहे है, जिनमें योगाभ्यास करवाया जा रहा है। साथ ही योग के प्रति जागरूकता फैलायी जा रही है। इसी कडी में पाली जिले के कोलीबाडा के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में छात्र छात्राओं को योगासन करवाया जा रहा है।

00000

केन्द्र सरकार ने सोने और अन्य कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है, ये आज से प्रभावी हो गया है। सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। प्लैटिनम पर आयात शुल्क

भी 6 दशमलव 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 दशमलव 4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके बाद सोने और चांदी की कीमतों में आज छह प्रतिशत तक का भारी उछाल देखा गया है।

000000

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने देश भर के न्यायालयों के आधुनिकीकरण का खाका तैयार करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता में ये समिति बनाई गई है। इसके लिए सरकार से 40 से 50 हजार करोड़ रुपये का आवंटन सुनिश्चित करने को कहा गया है। समिति इस साल 31 अगस्त तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल को विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000